# U.P. HIGHER JUDICIAL SERVICE (MAIN) 2018

**(Part 01)**

**Law-III (Penal, Revenue and Local Laws) / विधि-III (दण्ड, राजस्व एवं स्थानीय विधियाँ)**

**Time – 3 Hours** **Markes - 200**

1. (a) What are the kind of lands in which accrual of Bhumidhari rights is 15 prohibited under the provisions of the U.P. Zamindari Abolition and Land Reforms Act, 1950? Discuss with special reference to the judgment of the Supreme Court in Hinch Lal Tiwari Vs. Kamla Devi and others, 2001 (6) SCC 496: AIR 2001 SC 3215.
भूमि के वे कौन से प्रकार हैं जिनमें उ0प्र0 जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के प्रावधानों के अन्तर्गत भूमिधरी अधिकारों का प्रोद्भवन प्रतिबंधित है? हिन्च लाल तिवारी बनाम कमला देवी एवं अन्य, 2001 (6) SCC 496: AIR 2001 SC 3215 में उच्चतम न्यायालय के निर्णय के विशेष संदर्भ के साथ विवेचना कीजिए।
[15]

(b) 'A', a recorded bhumidhar seeks cancellation of sale deed executed by 'Y' in favour of 'Z' in respect of land over which 'A' is recorded as bhumidhar. The challenge was made on the ground that 'Y' was not having title in the land sold by him. Whether he has to approach civil court or revenue court and why? Discuss with reference to case law on the subject.
'A', एक अभिलिखित भूमिधर, उस भूमि के संदर्भ में 'Z' के पक्ष में 'Y' द्वारा निष्पादित विक्रय-विलेख को रद्द कराना चाहता है जिस पर 'A' भूमिधर के रूप में अभिलिखित है। चुनौती इस आधार पर दी गई कि उसके द्वारा विक्रय की गई भूमि में 'Y' का हक नहीं था। क्या उसे दीवानी न्यायालय जाना होगा अथवा राजस्व न्यायालय और क्यों? इस विषय पर निर्णय-विधि के संदर्भ के साथ विवेचना कीजिए।
[15]

(c) What would be the fate of the above litigation upon issuance of notification under Section 4 (2) of the U.P. Consolidation of Holdings Act, 1953 and what is the remedy then open to 'A'?
उ0प्र0 जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा 4 (2) के अंतर्गत अधिसूचना जारी होने पर उपरोक्त वाद का भविष्य क्या होगा ? और तब 'A' के लिए क्या उपचार खुला है?
[5]

(d) 'X' has his own house over plot no.202, which is part of his agricultural holding. The Assistant Consolidation Officer includes the said plot in the consolidation scheme. Can 'X' claim exclusion of his holding on the ground that there exists his house over it? Explain.
'X' का गाटा संख्या 202 जो कि उसकी कृषि जोत का हिस्सा है, पर अपना स्वयं का मकान है। सहायक चकबन्दी अधिकारी उपरोक्त गाटा को चकबंदी योजना में शामिल कर देता है। क्या 'X' अपनी जोत के अपवर्जन का इस आधार पर दावा कर सकता है कि इस पर उसका मकान मौजूद है?
[5]

2. (a) What are the grounds on which suit for eviction of a tenant from a building 15 governed by the provisions of the U.P. Urban Buildings (Regulation of Letting, Rent and Eviction) Act, 1972 could be instituted?
उ0प्र0 शहरी भवन (किराये पर देने, किराया एवं बेदखली विनियमन) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों द्वारा शासित किसी भवन से किसी किरायेदार के बेदखली के लिए वाद किन आधारों पर दायर किया जा सकता है ?
[15]

(b) What are the conditions prescribed for availing benefit of Section 20 (4) of 10 the said Act?
उपरोक्त अधिनियम की धारा 20 (4) का लाभ प्राप्त करने के लिए कौन सी शर्तें विनिर्दिष्ट हैं ?
[10]

(c) What is the main distinguishing feature between proceedings for release of an accommodation under Section 16 (1) (b) and Section 21 (1) (a) of the said Act ?
उपरोक्त अधिनियम की धारा 16 (1) (b) तथा 21 (1) (a) के अंतर्गत भवन की निर्मुक्ति के लिए कार्यवाहियों के बीच मुख्य सुभंदक विशेषता क्या है ?
[5]

(d) 'A' lets out a shop to 'B', who inducts 'C', not a member of his family as a 10 new partner. What are the remedies open to 'A' to evict 'B' and 'C' ? Discuss with reference to the provisions of the Act.
'A' एक दुकान किराये पर देता हैं 'B' को जो 'C', उसके परिवार का सदस्य नहीं है, को एक नये भागीदार के रूप में शामिल करता है। 'B' एवं 'C' को बेदखल करने के लिए 'A' के पास क्या उपचार उपलब्ध हैं ? अधिनियम के प्रावधानों के संदर्भ के साथ विवेचना कीजिए।
[10]

3. (a) How, before whom, and on what grounds, election of any person as a 15 member of a Municipality could be questioned ? Discuss with specific reference to the provisions contained in the U.P. Municipalities Act, 1916.
किसी नगर पालिका के एक सदस्य के रूप में किसी व्यक्ति के निर्वाचन को कैसे, किसके समक्ष एवं किन आधारों पर चुनौती दी जा सकती है? उ0प्र0 नगर पालिका अधिनियम, 1916 में शम्मिलित प्रावधानों के विशेष संदर्भ के साथ विवेचना कीजिए।
[15]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

(b) Which buildings and lands are exempted from levy of taxes under the provisions of the above Act ?
उपरोक्त अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत किन भवनों एवं भूमि को कर के उद्ग्रहण से छूट दी जाती हैं ?

[10]

(c) What offences are cognizable by a Nyay Panchayat constituted under the 10 provisions of the U.P. Panchayat Raj Act, 1947 and what penalties could be imposed by it ?
उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम, 1947 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित न्याय पंचायत द्वारा कौन से अपराध संज्ञेय हैं तथा इसके द्वारा कौन सी शास्तियां अधिरोपित की जा सकती हैं ?

[10]

(d) A Gram Pradhan was found guilty of causing loss of money belonging to the Gram Panchayat, seven years after he ceased to hold the office. Is there any limitation prescribed under the U.P. Panchayat Raj Act, 1947 for initiating proceedings for recovery of such loss from him ? Discuss.
एक ग्राम प्रधान को उसके पद धारण करने से प्रविरत हो जाने के सात वर्ष पश्चात् ग्राम पंचायत के धन की हानि कारित करने का दोषी पाया जाता है। क्या उससे ऐसी हानि की वसूली हेतु कार्यवाही शुरू करने के लिए उ0प्र0 पंचायत राज अधिनियम, 1947 के अंतर्गत कोई परिसीमा विनिर्दिष्ट है ? विवेचना कीजिए।

[5]

4. (a) What are the different kind of Plans which a Development Authority 10 constituted under the U.P. Urban Planning and Development Act, 1973, is enjoined with the duty to prepare ? Discuss.
योजनाओं के वे कौन से विभिन्न प्रकार हैं जिन्हें तैयार करना उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 के अंतर्गत गठित विकास प्राधिकरण के कर्तव्य में विहित है ? विवेचना कीजिए।

[10]

(b) Can an illegal construction contrary to the Master Plan, be regularized after accepting compounding fees ? Support your answer with case law on the point.
क्या प्रशमन शुल्क प्राप्त करने के पश्चात् मास्टर प्लान के प्रतिकूल किसी अवैध निर्माण को विनियमित किया जा सकता है? इस बिंदु पर निर्णय विधि के साथ अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

[10]

(c) An order of demolition is passed by the Development Authority against 'A', whose building stands over land which is beyond the limits of the development area. What are the remedies available to such a person ? Can he maintain a civil suit ? Discuss with reference to statutory provisions, legal principles and case law.
'A', जिसका भवन ऐसी भूमि पर स्थित है जो विकास क्षेत्र की सीमाओं से बाहर है, के विरूद्ध विकास प्राधिकरण द्वारा एक उन्मूलन आदेश पारित किया जाता है। ऐसे व्यक्ति को क्या उपचार उपलब्ध है ? क्या वह एक दिवानी वाद कायम कर सकता है ? वैधानिक प्रावधानों, विधिक सिद्धांतों एवं निर्णय विधि के संदर्भ के साथ विवेचना कीजिए।

[10]

5. (a) 'R', a girl, refused to marry her boyfriend 'S', resulting into his depression. 'N', a friend of 'S', suggested him to take revenge with an intention that 'S' will come out of shock, 'N' provided 'S' a bottle of liquid believing it as acid. 'S' mistook 'P' to be 'R' in darkness and threw the liquid on 'P', causing rashes on her face, which later resulted into serious injuries. The investigation revealed that it was not acid but was a concentrate of fungicide. Decide the criminal liability of 'S' and 'N' in this case.
'R', एक लड़की, अपने पुरूष प्रेमी 'S' से विवाह करने से इंकार कर देती है जिसके फलस्वरूप वह अवसादग्रस्त हो जाता है। 'N', 'S' के एक मित्र ने इस आशय के साथ उसे प्रतिशोध लेने का सुझाव दिया कि 'S' आघात से बाहर आ जाएगा, 'N' ने 'S' को यह विश्वास करते हुए तरल पदार्थ की एक बोतल दी कि वह अम्ल है। 'S' ने अंधकार में भूलवश 'P' को 'R' माना और 'P' पर तरल पदार्थ फेंक दिया, जिसके कारण उसके चेहरे पर चकते पड़ गए जो बाद में गंभीर चोटों में परिवर्तित हो गयीं। विवेचना से स्पष्ट हुआ कि वह अम्ल नहीं था बल्कि कवकनाशी का सांद्र था।
इस केस में 'S' एवं 'N' के आपराधिक दायित्व का निर्णय कीजिए।

[20]

(b) "Culpable homicide is not murder, if it is committed without premeditation, in a sudden fight in the heat of passion."
Critically examine the statement with leading case law.
"आपराधिक मानववध हत्या नहीं है यदि मानववध आवेश की तीव्रता में हुई अचानक लड़ाई में पूर्वचिन्तन बिना किया गया हो।"
इस कथन का अग्रनिर्णय विधि के साथ समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

[15]

(c) 'A' shakes his fist at 'B', intending or knowing it to be likely that he may thereby cause 'B' to believe 'A' is about to strike 'B'.
What offence 'A' has committed upon 'B'?
'B' पर अपना मुक्का 'A' इस आशय से या यह सम्भाव्य जानते हुए हिलाता है कि उसके द्वारा 'B' को यह विश्वास हो जाए कि 'A', 'B' को मारने वाला ही है।



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)

'A' ने 'B' के प्रति कौन सा अपराध कारित किया है?

[5]

(d) 'A' and 'B' are joint owners of a car. 'A' without informing 'B' takes the car out of 'B's' possession and sold that for a consideration of Rs. 5 lac. 'A' utilized this money for renovating his house.
What offence 'A' has committed?
'A' और 'B' एक कार के संयुक्त स्वामी हैं। 'B' को सूचित किए बिना 'A' कार को 'B' के कब्जे से ले लेता है और रूपये पॉच लाख के प्रतिफल के लिए उसे बेच देता है। 'A' ने इस धन का उपयोग अपने मकान के नवीनीकरण में कर लिया।
'A' ने क्या अपराध कारित किया है ?

[5]

(e) 'X' makes an attempt to steal some jewels by breaking open the box, but there is no jewel in it.
What offence 'X' has committed?
'X' सन्दूक तोड़कर खोलता है और उसमें से कुछ आभूषण चुराने का प्रयत्न करता है, किन्तु उसमें कोई आभूषण नहीं है।
'X' ने क्या अपराध कारित किया है?

[5]



Scan this QR Code to Linking Laws BIOs
www.LinkingLaws.com
Linking Laws Tansukh Sir
Get Subscription Now
Linking Laws is a Professional Institute provide AI based Smart Preparation for Judicial Service Exams & other Law Related Exam in India (UP PCS(J), RJS, MPCJ, CG PCS(J), DJS, BJS, APO, ADPO, JLO, APP etc.)